2019

HINDI

(Major)

Paper : 6.3

(Hindi Bhasha Evam Devanagari Lipi)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×7=7

(क) 'हिन्दी' शब्द की व्युत्पत्ति मूलतः किस संस्कृत शब्द से हुई है?

(ख) भोजपुरी, मगही और मैथिली बोलियाँ हिन्दी की किस उपभाषा के अंतर्गत आती हैं?

(ग) हिन्दी की किसी एक वृत्तमुखी स्वर-ध्वनि का उदाहरण दीजिए।

(घ) घोषत्व की दृष्टि से 'ग' किस प्रकार की व्यंजन-ध्वनि है?

(ङ) 'अत्यधिक' शब्द में जुड़े उपसर्ग को अलग कीजिए।

(च) 'भैंस' शब्द का पुल्लिंग रूप लिखिए।

(छ) "मैं चाहता हूँ कि वह घर चला जाए।" संरचना की दृष्टि से यह किस प्रकार का वाक्य है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) मात्रा या उच्चारण-समय के आधार पर हिन्दी की स्वर-ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

(ख) करणकारक-सूचक 'से' और अपादानकारक-सूचक 'से' परसर्गों के प्रयोगात्मक अंतर को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ग) प्रश्नवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए।

(घ) भाषावैज्ञानिक दृष्टि से 'हिन्दी' शब्द का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×3=15

(क) हिन्दी-भाषी क्षेत्र पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

(ख) प्राणत्व के आधार पर हिन्दी की व्यंजन-ध्वनियों के वर्गीकरण पर विचार कीजिए।

(ग) हिन्दी वाक्य-संरचना में पद-क्रम के महत्त्व पर सोदाहरण चर्चा कीजिए।

(घ) 'मैं' और 'वह' सर्वनामों की कारकीय रूप-रचना प्रस्तुत कीजिए।

(ङ) देवनागरी लिपि के नामकरण पर विचार कीजिए।

4. ध्वनि, व्याकरण, शब्द-भंडार और साहित्यिक प्रयोग की दृष्टि से आधुनिककालीन हिन्दी की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए। 10

अथवा

ब्रज और अवधी बोलियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

5. स्वर और व्यंजन ध्वनियों का अंतर स्पष्ट करते हुए स्थान की दृष्टि से हिन्दी की व्यंजन ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए। 4+6=10

अथवा

हिन्दी वाक्य-संरचना में अन्विति के स्वरूप को उदाहरण सहित प्रस्तुत कीजिए।

6. हिन्दी संज्ञा-शब्दों के वचन-परिवर्तन संबंधी नियमों पर सोदाहरण चर्चा कीजिए। 10

अथवा

देवनागरी लिपि के दोषों का उल्लेख करते हुए उनके सुधार हेतु किए गए प्रयत्नों पर प्रकाश डालिए।

★★★